
GPS Map Ca
Guwahati, Assam, India
5qh4+qjj, Dr B Baruah Rd, Sarania Hills, Guwahati, Assam 781003, India
Lat 26.17937° Long 91.756772°
31/01/25 01:53 PM GMT +05:30
oogle


हिंदी विभाग, बी. बरुवा कॉलेज (स्वा.) के तत्वावधान में
आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम
विषय- प्रतियोगी परीक्षाओं में हिन्दी : तैयारी की तकनीक
मुख्य वक्ता: डॉ. अनुशब्द
वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक
तेजपुर विश्वविद्यालय, असम
दिनांक: 31.01.2025
स्थान: व्याख्यान वीथिका
समय : 11:00 am
B. BOROOAH COLLEGE

दैनिक पूर्वोदय
सही दिशा, सही खबर

# बी. बरुवा कॉलेज में 'प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी तैयारी की तकनीक' पर व्याख्यान

▲ पूर्वोदय संवाददाता

गुवाहाटी, 31 जनवरी। बी. बरुवा कॉलेज (स्वायत्त) के हिंदी विभाग के तत्वावधान में आज 'प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी की तैयारी की तकनीक' विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में तेजपुर विश्वविद्यालय, असम के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. अनुशब्द मौजूद थे। हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उन्मेषा कोंवर ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के व्याख्यान वीथिका में सुबह 11 बजे हुआ, जिसमें हिंदी विभाग के छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखी गई। अपने व्याख्यान में डॉ. अनुशब्द ने प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी विषय की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न प्रभावी अध्ययन तकनीकों और रणनीतियों की



चर्चा की। उन्होंने परीक्षार्थियों को पाठ्यक्रम को व्यवस्थित रूप से तैयार करने, उत्तर लेखन कौशल विकसित करने और भाषा संबंधी सामान्य त्रुटियों से बचने के उपाय सुझाए। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में हिंदी विभाग, बी. बरुवा कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस कार्यक्रम को समाप्त किया।